# दिनांक 19.06.2026 को जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज के अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज के अध्यक्षता में दिनांक 19.06.2026 को DWSM की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित अधिकारीगण उपस्थित हुये:–

**1–मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।**
**2–अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे प्रयागराज।**
**3–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।**
**4–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।**
**5–जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, प्रयागराज।**
**6–समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।**
**7–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0, प्रयागराज।**
**8–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, प्रयागराज।**
**9–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (जे0वी0), प्रयागराज।**
**10–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स एल0 सी0 इन्फ्रा प्रा0लि0, अहमदाबाद।**
**11–टीम लीडर एवं डी0पी0एम0, मेधाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0,(टी0पी0आई0) प्रयागराज।**
**12–अन्य अधिकारी गण (जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य)।**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की निम्नलिखित बिन्दुओ की समीक्षा की गयी :–

**1–भूमि की उपलब्धता :**

जनपद में जल जीवन मिशन की पेयजल योजनाओं हेतु जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 द्वारा अवगत कराया गया कि 18 स्थान पर स्थानीय अवरोध व स्थान पर भूमि अनुपलब्ध होने के कारण कब्जा नहीं मिल पा रहा है। जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 को निर्देशित किया गया कि अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे के माध्यम से सम्बंधित उपजिलाधिकारियों की वर्चुअल मीटिंग कराकर अनुपलब्ध/विवादित भूमि का निस्तारण कराए।

**2–जल जीवन मिशन फेज–2 में कार्यरत मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 के कार्यों की समीक्षा–**

जनपद में फेज–2 के कार्य मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0, चेन्नई द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें 664 नग पेयजल योजना का निर्माण किया जाना है।

- पी0एम0 मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 को स्पष्ट निर्देश दिए गये कि गर्मी का मौसम आ गया है रेगुलर वाटर सप्लाई बढ़ाये जिससे ग्रामीण जनता को लाभ मिल सके व लीकेज की समस्या को सुधार करने में विलम्ब न किया जाए इसे तत्काल सुधार किया जाए।

**3–"जल जीवन मिशन फेज–4 में सतही स्रोत ग्राम समूह पेयजल योजनाओं (यमुना तथा गंगा) के कार्यो के समीक्षा–**

**(अ) सतही स्रोत (यमुना) ग्राम समूह पेयजल योजना**–जनपद में फेज–4 के कार्य मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान द्वारा कराया जा रहा है।

- पी0 एम0 मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान द्वारा अवगत कराया गया कि इन्टेक वेल का कार्य 72 प्रतिशत, WTP का कार्य 80 प्रतिशत और OHT का कार्य 74 के सापेक्ष 32 नग पूर्ण हुआ है एवं अवशेष कार्य प्रगति पर है।
- पी0 एम0 मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान को निर्देशित किया गया कि FHTC कनेक्शन प्रदान करना सुनिश्चित करें जनपद प्रयागराज जल जीवन मिशन के अंतर्गत CM DASHBOARD पर इसकी प्रगति C कैटेगरी में है जो कि अत्यंत ही असंतोषजनक है।
- पी0 एम0 मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान को लगातार निर्देश के बाद भी प्रगति में कोई अपेक्षित सुधार नहीं किया गया जिसके लिए अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि कारण बताओ नोटिस जारी कराया जाए।
- पी0एम0 मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजना में 429 नग लेबर की आवश्यकता है, परन्तु 75 नग लेबर ही कार्यरत है जिसको बढ़ाने हेतु फर्म को निर्देशित किया गया।
- पी0एम0 मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर को निर्देशित किया गया कि इन्टेक वेल के कार्य में तेजी लाये व प्रगति 80 प्रतिशत से ऊपर ले जाए तथा जिन OHT की प्रगति 76–99 प्रतिशत से ऊपर है, उसे पूर्ण कराना सुनिश्चित करें और जो 75 प्रतिशत से नीचे है उसे 75 प्रतिशत से ऊपर ले जाना सुनिश्चित करें।

**(ब)** सतही स्रोत (गंगा) ग्राम समूह **पेयजल योजना**–जनपद में फेज–4 के कार्य मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (JV)हैदराबाद द्वारा कराया जा रहा है।

- पी0एम0 मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 द्वारा अवगत कराया गया कि इन्टेक वेल का कार्य 72 प्रतिशत, WTP का कार्य 80 प्रतिशत और OHT का कार्य 115 के सापेक्ष 37 नग पूर्ण हुआ है एवं अवशेष कार्य प्रगति पर है।
- पी0एम0 मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 को निर्देशित किया गया कि FHTC कनेक्शन प्रदान करना सुनिश्चित करें जनपद प्रयागराज जल जीवन मिशन के अंतर्गत CM DASHBOARD पर इसकी प्रगति C कैटेगरी में है जो कि अत्यंत ही असंतोषजनक है।
- पी0एम0 मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजना में 795 नग लेबर की आवश्यकता है, परन्तु 478 नग लेबर ही कार्यरत है जिसको बढ़ाने हेतु फर्म को निर्देशित किया गया।
- पी0 एम0 मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 को निर्देशित किया गया कि इन्टेक वेल के कार्य में तेजी लाये व प्रगति 80 प्रतिशत से ऊपर ले जाए तथा जिन OHT की प्रगति 76–99 प्रतिशत से ऊपर है, उसे पूर्ण कराना सुनिश्चित करें और जो 75 प्रतिशत से नीचे है उसे 75 प्रतिशत से ऊपर ले जाना सुनिश्चित करें।

पी0 एम0 मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 व पी0 एम0 मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान को निर्देशित किया गया कि दिसंबर माह तक डब्लू0 टी0 पी0, इंटेकवेल का कार्य 100 प्रतिशत तक पूर्ण कर आगामी ग्रीष्म ऋतू के पूर्व जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें क्योकि यमुनापार, गंगापार पानी की समस्या ज्यादा रहती है।

**4–सड़क पुर्नस्थापना–**

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में सड़क पुर्नस्थापन का कार्य 99 % पूर्ण कराया जा चुका है। जिसमें मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 98.97 % मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान 99.32% मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (JV)हैदराबाद 99.72 % द्वारा कार्य पूर्ण किया जा चुका है, कार्यदायी संस्थाओ को निर्देशित किया गया कि वर्षा ऋतु आने से पहले बचे हुए रोड रेस्टोरेशन का कार्य गुणवत्ता पूर्ण कराये टी0पी0आई0 इसकी गुणवत्ता की मानक सुनिश्चित करें।

**5–टी0पी0आई0, मेधाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0,प्रयागराज।**

जल जीवन मिशन के कार्यो के गुणवत्ता हेतु नामित टी0पी0आई0ए0 मेधाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0, प्रयागराज के टी0एल0 द्वारा बताया गया कि मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 को कुल 16951 N.C जारी हुआ था जिसके सापेक्ष 16207 N.C का निस्तारण हो गया है तथा 744 N.C का निस्तारण शेष है, मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान द्वारा का कुल 1104 N.C जारी हुआ था जिसके सापेक्ष 850 N.C का निस्तारण हो गया है तथा 254 N.C का निस्तारण शेष है व मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 द्वारा का कुल 1222 N.C जारी हुआ था जिसके सापेक्ष 1167 N.C का निस्तारण हो गया है तथा 55 N.C का निस्तारण शेष है, टी0एल0 टी0पी0आई0ए0 को निर्देशित किया गया कि बचे हुए N.C का निस्तारण कराये व रोड रेस्टोरेशन की शत प्रतिशत जांच योजनावार करें और जहां भी कमियां पाई जाए वहां पर गुणवत्तापूर्ण सुधार कराये साथ ही समीक्षा बैठक में विवरण प्रस्तुत करें।

**6–अन्य बिन्दु–**

- पी0एम0 मेसर्स एल0 सी0 इन्फ्रा को निर्देशित किया गया कि जो शिकायतें आ रही हैं उसके निस्तारण की एक प्रति साप्ताहिक संकलित कर मुख्य विकास अधिकारी को भिजवाना सुनिश्चित करें।
- पी0एम0 मेसर्स एल0 सी0 इन्फ्रा को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र से प्राप्त हो रही पानी लीकेज और मोटर खराब की समस्या का निस्तारण शीघ्रता से कराये।
- अधिशासी अभियंता (वि0/यॉ0) को निर्देशित किया गया कि विद्युत संयोजन देने में अत्यधिक विलंब किया जा रहा है, तत्काल विद्युत संयोजन का कार्य जल जीवन मिशन योजनाओं पर जहां पर अपेक्षित है वहां पर प्रदान किया जाए।
- अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि जिन राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। खंड विकास अधिकारियों के माध्यम से सत्यापन कराकर आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाए।
- अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि सभी कार्यदायी संस्थाओं से जनपद में कार्यरत संस्था के प्रमुख मीटिंग में स्वयं उपस्थित होना सुनिश्चित करें।
- अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि जल सारथी एप का जनपद में व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए जिससे कि जल जीवन मिशन से सम्बंधित शिकायतों से अवगत करा सके व उसका त्वरित निस्तारण कराया जा सकें।
- अधिशारी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), को निर्देशित किया गया कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन से प्राप्त एफ0टी0के0 किट जो वितरित किये ज चुके है उससे जॉच करवाकर अपलोड

करवाना सुनिश्चित करें, नल जल मित्र ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर सरपंच और पंचायत सेक्रेटरी की लागिन, वाटर टेस्टिंग शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें।

- अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), को निर्देशित किया गया कि जल आकलन, जल अर्पण, RPWSS-ID, सुजलाम भारत एप सम्बंधित कार्य ससमय शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें।
- जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, को निर्देशित किया गया कि ग्राम स्तर पर जाँच के लिए जल सखियों को जागरूक कराने हेतु व सभी खंड विकास अधिकारियों की सहायता ली जाए।
- जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों (VWSC) के सक्रियीकरण एवं सत्यापन की प्रगति आख्या प्रेषित किये जाने हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से पूर्ण कराया जाए।
- जल जीवन मिशन अंतर्गत स्टॉप डायरिया अभियान (Stop Diarrhea Campaign)– 2026 के प्रमुख गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखवाया जाये व प्रगति आख्या से अवगत कराया जाए।

(मनीष कुमार वर्मा)
जिलाधिकारी
प्रयागराज।

पृ0सं0 1552/ M-3 / 126 दिनांक 08/07/26

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।
2–अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,प्रयागराज।
3–जिला पंचायतराज अधिकारी, प्रयागराज।
4–अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–प्र0/द्वि0, जार्ज टाउन/हण्डिया/फाफामऊ/मेजा, प्रयागराज।
5–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
6–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय(वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
7–जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, प्रयागराज।
8–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, प्रयागराज।
9–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (जे0वी0), प्रयागराज।
10–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0, प्रयागराज।
11– प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स एल0 सी0 इन्फ्रा प्रा0 लि0, प्रयागराज।
12–टीम लीडर एवं डी0पी0एम0, मेधाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0,(टी0पी0आई0) प्रयागराज।

जिलाधिकारी
प्रयागराज।